**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

# रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन संख्या: 07/2024

मिनिस्टीरियल और आइसोलटेड कोटियों के विभिन्न पदों के लिए भर्ती

## कनिष्ठ अनुवादक / हिंदी पदों की भर्ती के लिए अनुवाद परीक्षा (सीबीटी) की संभावित तिथि के बारे में सूचना

**1)** उपरोक्त सीईएन के लिए संभावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | सीईएन | परीक्षा | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सीईएन संख्या: 07/2024 | कनिष्ठ अनुवादक / हिंदी के पदों के लिए अनुवाद परीक्षा (सीबीटी) | 28 दिसंबर 2025 |

**2)** **परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से** 10 **दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा।**

**3)** ई-कॉल लेटर की डाउनलोडिंग परीक्षा, शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लिखित परीक्षा तिथि से **4** दिन पहले शुरू होगा।

**4)** परीक्षा केंद्र में परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपना मूल आधार कार्ड या ई-सत्यापित आधार का प्रिंटआउट साथ लाना आवश्यक है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यदि उन्होंने पहले से आधार सत्यापन नहीं किया है, तो वे **www.rrbapply.gov.in** पर अपने क्रेडेंशियल्स के साथ लॉग-इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित करे लें, ताकि वे परीक्षा केंद्र में आसानी से प्रवेश कर सकें।

**5)** आवेदन जमा करने के चरण के दौरान अपने आधार को सत्यापित करने वाले अभ्यर्थियों सहित सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार यूआईडीएआई प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके और पंजीकरण तथा परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।

**6)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

**7)** उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध रूप से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पर आधारित होता है और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होती है।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**Date:** 08.12.2025